प्रकाशनार्थ

आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टैक्नीकल परिसर में 2 यू0पी0 वाहिनी
एन0सी0सी0 का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प का समापन समारोह

आनन्द इंजीनीयरिंग कालेज टैक्नीकल परिसर में पिछले 10 दिन से 2 यू0पी0 वाहिनी एन0सी0सी0 का वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प आयोजित किया। जिसमें विभिन्न संस्थाओं के 600 एन0सी0सी0 कैडिटों ने भाग लिया। जिसमें इन कैडिटों नेे ड्रिल, हथियारों का प्रशिक्षण, नक्शा पढ़ना, अग्निशमन प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक प्रतिनिधि, युद्ध अभ्यास, यातायात के नियम, स्वच्छ भारत अभियान की रैली आदि गतिविधियों में कैडिटों को सम्पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया।

10 दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन समारोह के मुख्य अतिथि कालेज के निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देश के भावुक सैनिकों को अनुशासन, व्यक्तित्व कुशल प्रशिक्षण व कड़ी मेहनत करके देश के विकास में सहभागिता करके भारत देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में सहयोग करें। साथ ही इस प्रशिक्षण से छात्र–छात्राओं में सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। जो सेना के साथ–साथ प्रशासनिक सेवा, शिक्षक, इंजीनीयर, व डाक्टर बन करके भी देश के विकास में अपना पूर्ण योगदान देकर देश की सेवा करने का अवसर मिलता है।

इस समारोह में एन0सी0सी0 कैडिटों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसमें एकल गाने, सामूहिक गाने, ब्रज के गाने, राजस्थानी गाने पर डांस व पंजाबी गानों की सुन्दर प्रस्तुति दी व इस प्रशिक्षण के दौरान बेस्ट कैडिटों को इनाम व खेलकूद की विजेता टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। और अन्त में मुख्य अतिथि ने कैडिटों को भविष्य में सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाऐं दी। इसके बाद कैम्प कमाडेंन्ट ने सभी कैडिटों व अधिकारियों को अपने सम्बोधन में कहा कि इस कैम्प के दौरान जिस मेहनत व लगन के साथ प्रशिक्षण लिया व दिया, इस लगन के साथ मेहनत करते रहना और अपने से बड़ों को सम्मान देते रहना और उनसे सीखते रहना ताकि भविष्य में आप देश के सफल नागरिक बन सकें।
इस समारोह के पहले 60 कैडिट ने रक्तदान किया।